भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 59 | बिजौलिया - सोमवार,12 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

भाजपा का 'ग्राम विकास संकल्प-पत्र' जारी, गांवों में खेल मैदान से अटल ज्ञान केंद्र तक का वादा

पंचायती राज चुनाव से पहले ग्रामीण विकास का रोडमैप पेश, शिक्षा, चिकित्सा, डिजिटल सुविधाओं और रोजगार पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

पंचायती राज चुनाव-2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन 'ग्राम विकास संकल्प-पत्र' जारी कर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की रूपरेखा सामने रखी। इसमें गांवों और ढाणियों में शिक्षा, चिकित्सा, खेल, डिजिटल सुविधाओं तथा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में संकल्प-पत्र जारी करते हुए कहा कि गांवों को सुविधासंपन्न और आत्मनिर्भर बनाना विकसित राजस्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान और अटल ज्ञान केंद्र का लक्ष्य

संकल्प-पत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित करने और अटल ज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना को प्रमुखता दी गई है। अटल ज्ञान केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को इंटरनेट, ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहरों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलने की उम्मीद जताई गई है।

गांवों में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं पर जोर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण आबादी की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा। संकल्प-पत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं और डिजिटल संसाधनों के विस्तार को भी प्राथमिकता दी गई है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीणों को सामान्य सुविधाओं के लिए शहरों की ओर जाने की मजबूरी से राहत दिलाना है।

डिजिटल माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर फोकस

संकल्प-पत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से सरकारी



योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने की मंशा जताई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और इंटरनेट जैसी सुविधाएं मजबूत होने से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा और शहरों की ओर पलायन का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री बोले गांवों का विकास ही विकसित राजस्थान का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए गांव, ढाणी, निकाय, जिला और प्रदेश का समग्र विकास जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के समय जारी भाजपा के संकल्प-पत्र के लगभग 78 प्रतिशत कार्य पौने तीन वर्ष में पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े निर्णयों में ग्राम सभाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बनाई जा सकें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने निकाय चुनावों में पार्टी और समर्थित प्रत्याशियों की सफलता का उल्लेख करते हुए पंचायत चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की पहल को समय और संसाधनों की बचत की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

प्रदेश कार्यालय में सभागार का उद्घाटन

संकल्प-पत्र जारी करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सह प्रभारी कविता पाटीदार, कुलजीत चहल और संगठन महामंत्री अजेय कुमार मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश कार्यालय में नवनिर्मित 'सेवा संकल्प सभागार' का उद्घाटन भी किया गया।

प्रभु कीर हत्याकांड का मुख्य आरोपी भीलवाड़ा से गिरफ्तार

प्रेम-प्रसंग को लेकर होटल में हुआ था विवाद, अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

चंदेरिया क्षेत्र में प्रभु कीर की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मोईनुद्दिन शाह उर्फ मोनू खान (22) को भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद से फरार आरोपी पुलिस से बचने के लिए मोबाइल साथ नहीं रखता था और दोस्तों के फोन से इंस्टाग्राम कॉल कर परिजनों से संपर्क करता था। मामले में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर की रात रोलाहेड़ा पुलिया के पास स्थित दाताश्री होटल में खाना खाने के दौरान प्रेम-प्रसंग से जुड़े विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने कथित तौर पर लाठियों से प्रभु कीर, भरत मीणा और दिवान सिंह पर हमला कर दिया। गंभीर घायल प्रभु को उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10 अक्टूबर को उपचार के दौरान उनकी मौत


मृतक प्रभु कीर

हो गई। प्रभु के पिता शंकरलाल कीर ने 9 अक्टूबर को चंदेरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इससे पहले पुलिस लोकेश सिंह चौहान उर्फ लक्की (21) और राहुल सिंह चौहान (24) को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी डीएसटी, साइबर टीम, चंदेरिया थाना पुलिस और भीलवाड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के अनुसार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

टायर निकलने से हाईवे पर पलटा भूसे से भरा ट्रक, यातायात बाधित



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

नेशनल हाईवे-27 पर रविवार को भूसे से भरा ट्रक पलटने से सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि ट्रक में भरा भूसा सड़क पर फैल गया। सूचना पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। जानकारी के अनुसार, ट्रक बिजौलिया से कोटा की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक टायर निकलने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे के एक तरफ वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभाली और यातायात बहाल कराया।

गहलोत का केंद्र पर हमला: 'रविवार को सुप्रीम कोर्ट खुलना ही हालात की गंभीरता बताता है'

दिल्ली में मेट्रो, इंटरनेट और हिरासत के मुद्दों पर जताई चिंता, बोले सरकार विपक्ष से बातचीत कर चुनावी गड़बड़ियों से जुड़े सवालों का समाधान करे

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

दिल्ली में मेट्रो और रेलवे सेवाओं के सामान्य संचालन तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी बहाल करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बीच राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दिल्ली के हालात को गंभीर बताते हुए कहा कि रविवार को सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई के लिए खुलना ही स्थिति की गंभीरता दर्शाता है। गहलोत ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पाबंदियों, बैरिकेडिंग और नेताओं की हिरासत से लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।



'दिल्ली में क्रैकडाउन जैसे हालात'

मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि देश में हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मेट्रो सेवाओं को बंद करने जैसी परिस्थितियों पर सुप्रीम कोर्ट को रविवार को सुनवाई क्यों करनी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के कदमों से दिल्ली में भय और अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। हालांकि, ये आरोप गहलोत के राजनीतिक बयान का हिस्सा हैं।

हिरासत और पाबंदियों पर जताई चिंता

गहलोत ने कहा कि दिल्ली में जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है और बाहर से आने वाले लोगों को पाबंदियों तथा कथित दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये सभी देश के नागरिक हैं और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। नेताओं को हिरासत में लिए जाने तथा कुछ लोगों के अब भी हिरासत में होने को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई।

विपक्ष से संवाद की मांग

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को विपक्ष के साथ बातचीत कर चुनावी गड़बड़ियों से जुड़ी चिंताओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से वकीलों की सुनवाई को लेकर उठाए गए सवालों का भी उल्लेख किया।

गहलोत ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को सम्मान देना और उसकी बात सुनना आवश्यक है।

कच्चे मकान में सेंध लगाकर 5.57 लाख रुपए चोरी, मंदिर के पास से बाइक भी ले गए चोर

देवनगर बरोदा में एक ही रात दो वारदातों से ग्रामीणों में चिंता, पुलिस और मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम ने जुटाए साक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

थाना क्षेत्र के देवनगर बरोदा में शनिवार रात चोरों ने कच्चे मकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर संदूक में रखे 5 लाख 57 हजार 200 रुपए चोरी कर लिए। इसी रात पास स्थित देवनारायण मंदिर के स्थान से रामप्रसाद गुर्जर की बाइक भी चोरी होने की सूचना सामने आई। एक ही रात में दो वारदातों से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। बरमा देवी पत्नी रमेश्वर लाल गुर्जर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे तक वह अपनी सास गट्टू देवी के साथ जाग रही थीं। इसके बाद दोनों सो गईं। सुबह उठने पर मकान की



पिछली दीवार में सेंध लगी मिली और संदूक का ताला टूटा हुआ था। उसमें रखी नकदी गायब मिली।

पुलिस ने मौके पर जुटाए साक्ष्य

सूचना पर थाना प्रभारी पूरणमल मीणा



और हेड कांस्टेबल राजेंद्र मीणा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों एवं ग्रामीणों से जानकारी ली। रविवार दोपहर बाद भीलवाड़ा से मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम भी पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस नकदी और बाइक चोरी की घटनाओं की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने चोरी की वारदातों का जल्द खुलासा करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

अधिवक्ता पर हमले के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर आज न्यायिक कार्य का बहिष्कार

जिले की सभी बार ने जिला अभिभाषक संस्था के निर्णय का किया समर्थन, गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अधिवक्ता गोविंद मानमिया पर हमला करने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में सोमवार, को जिलेभर के अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में जिले की अधीनस्थ न्यायालयों के बार अध्यक्षों से विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद जिले की सभी बार के अध्यक्षों और कार्यकारिणियों ने जिला अभिभाषक संस्था के निर्णय का समर्थन करते हुए न्यायालयों में कार्य नहीं करने का फैसला लिया है।

अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि अधिवक्ता गोविंद मानमिया के साथ हमला करने के मामले में आरोपी दुर्गालाल उर्फ अक्षय गुर्जर उर्फ विक्रम की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसे लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। इसी के विरोध में सोमवार को जिले के सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप रहेगा। कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में पैरवी नहीं करेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया, तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में पूरे राजस्थान में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

जागेश्वर महादेव मंदिर में श्री 108 रामचरितमानस पाठ शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।



शारदीय नवरात्र के अवसर पर रविवार को जागेश्वर महादेव मंदिर में श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्री 108 रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। श्रीरामचरितमानस महामंडल के तत्वावधान में आयोजित अनुष्ठान में कस्बे के 108 महिला-पुरुष पाठक सामूहिक रूप से रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं। पाठ और हवन में आहुतियों के साथ मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन के तहत प्रतिदिन सुबह 7:15 बजे से रामचरितमानस का सामूहिक पाठ किया जा रहा है। वहीं, दोपहर 2:30 बजे पंडित ओमप्रकाश वैष्णव रामकथा का वाचन कर रहे हैं। आयोजन की पूर्णाहुति 20 अक्टूबर को होगी।

पंचायत चुनाव और त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

आगामी पंचायती राज चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को पुलिस-प्रशासन की ओर से पोटला और सहाड़ा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च का नेतृत्व उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज खटीक, डीवाईएसपी सुदर्शन पालीवाल, प्रशिक्षु आरएएस रजनीश भाकर, तहसीलदार कुलदीप कुमावत, थानाधिकारी पूरणमल मीणा सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

घट स्थापना के साथ नवरात्र महोत्सव शुरू, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(जसवंत पारीक)। कस्बे सहित आसपास के गांवों में रविवार को घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हुआ। नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कस्बे के नरसिंह माता मंदिर, छल माता मंदिर सहित क्षेत्र के प्रसिद्ध बोहरी माता मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में धार्मिक माहौल के बीच भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार की खुशहाली और मंगलकामना की।

वार्ड 22 में सड़क पर बह रहा नाली का पानी, गलियों में अंधेरा, समाधान की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे के वार्ड संख्या 22 में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने स्थित गली में नाली का पानी सड़क पर बहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पूरी गली में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

वार्डवासी ओमप्रकाश ने बताया कि यह गली बूंदी-बिजौलिया मुख्य सड़क से जुड़ी हुई है। इसके बावजूद नाली के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पानी सड़क पर फैल रहा है। वहीं, गली में रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से रात के समय राहगीरों को परेशानी होती है।

ओमप्रकाश ने संबंधित जिम्मेदारों से नाली के पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और पूरी गली में स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

नला माताजी मंदिर में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव शुरू

पहली बार आयोजित हो रहा गरबा आयोजन, रामायण पाठ और शतचंडी यज्ञ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित प्रसिद्ध नला माताजी मंदिर में रविवार को घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह 9:30 बजे विधि-विधान से घट स्थापना कर माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि के धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। शुभारंभ के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। नवरात्र महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई हैं। इस बार धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पहली बार गरबा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है ।

रामायण पाठ और शतचंडी यज्ञ होंगे आकर्षण

मंदिर समिति अध्यक्ष शंकर धाकड़ ने बताया कि नवरात्र के दौरान प्रतिदिन माता की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में रामायण पाठ, शतचंडी यज्ञ, लंगर सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। नवरात्रि के कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही मंदिर में भक्तिमय माहौल बनने लगा है। रविवार को क्षेत्र और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए ।



श्रद्धालुओं के लिए भोजन और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था

समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष नला माताजी मंदिर में पहली बार गरबा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो नवरात्र महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में निःशुल्क भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई सहित अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं, ताकि दर्शन और धार्मिक आयोजनों में शामिल होने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कोटड़ी में 11 दिसंबर को होगा जाट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य तय, पोस्टर विमोचन के साथ 5 जोड़ों का पंजीयन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।



जाट समाज के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 11 दिसंबर को श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में होगा। राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को जाट धर्मशाला में जिलाध्यक्ष देवबक्ष ढाबरढीमा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सम्मेलन का पोस्टर विमोचन कर 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक के दौरान पांच जोड़ों का पंजीयन भी हुआ।

बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने सम्मेलन की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर चर्चा की। समाजजनों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। जाट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धीरज भदाला ने संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, महासभा के महामंत्री शोभाराम तोगड़ा ने समाजबंधुओं से अधिकाधिक जोड़ों का पंजीयन करवाने की अपील की।

बैठक में शंकरलाल कुड़ी, रामधन थरोदा, कन्हैयालाल भदाला, भवानीराम नागा, नंदराम मंडा, देवीलाल गुलरिया, नारायणलाल जीजवाड़िया, सांवरलाल गोदारा, हरिशंकर धायल, मोहनलाल नागा, देवीलाल नागा, बद्रीलाल, धन्नालाल, जीतू रणवा, शंभूलाल धायल, भेरूलाल भदाला और भेरूलाल लालरिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

गंगापुर में भव्य शोभायात्रा के साथ 10 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव शुरू

बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा, रामकथा में भक्ति और मर्यादा का संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

नगर में 10 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ महंत श्यामसुंदर दासजी के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। बैंड-बाजे, घोड़ों और ढोल-नगाड़ों से सजी शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा गौराजी वाटिका पहुंची, जहां धार्मिक आयोजन हुआ।

गौराजी वाटिका में व्यास पीठ से पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री ने रामकथा का महत्व बताते हुए कहा कि कलियुग में रामकथा का श्रवण मानव के लोक-परलोक को संवारने का माध्यम है। गोस्वामी तुलसीदासजी ने भी रामचरित को जीवन में उतारने और मन को रामकथा के श्रवण में लगाने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम सत्य है, जबकि सांसारिक संबंध अस्थायी हैं। ईश्वर के प्रति भक्ति का संबंध जन्म-जन्मांतर का होता है।

महोत्सव के तहत मंडल की ओर से पंचतीर्थ मंदिर परिसर में प्रतिदिन आकर्षक झांकियों के प्रदर्शन के साथ हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

थाना प्रभारी के नेतृत्व में किया मार्च, ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



आगामी पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करने के लिए थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने क्षेत्र में मार्च कर लोगों को शांतिपूर्ण चुनाव का संदेश दिया।

पुलिस ने आमजन से चुनाव के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक खबरों और अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही।

पुलिस का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आमजन से नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया गया।



QUICK BITES

दिगंबर जैन युवा परिषद की कार्यकारिणी का विस्तार, नई टीम का स्वागत

प्रमोद जैन शास्त्री उपाध्यक्ष, रजनीश पाटनी सचिव और चंद्रेश जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद की स्थानीय शाखा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेश पाटनी ने बताया कि कार्यकारिणी के विस्तार के तहत विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया।

नई कार्यकारिणी में प्रमोद जैन शास्त्री को उपाध्यक्ष, रजनीश पाटनी को सचिव, चंद्रेश जैन को कोषाध्यक्ष, अतिशय बडजात्या को संगठन मंत्री, आनंद जैन को प्रचार मंत्री तथा निर्मल जैन को सांस्कृतिक मंत्री चुना गया। वहीं, सुनील झांझरी, राजेश सोनी और विकास पाटनी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यकारिणी विस्तार से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने की दिशा में कार्य करने की उम्मीद जताई गई।

आस्था और एकजुटता के रंग में रंगेगा शाहपुरा आज निकलेगी झूलेलाल साहेब की शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचन्द पेसवानी)। सिंधी समाज की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक असू चेटीचंड महोत्सव सोमवार को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में झंडारोहण, वाहन रैली, खेलकूद प्रतियोगिताएं, वरिष्ठजनों का सम्मान, भजन-कीर्तन, छेज और पूज्य बहराणा साहेब की अखंड ज्योति की शोभायात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिलखुशाल बाग स्थित श्री झूलेलाल मंदिर को सजाया गया है। सुबह 9 बजे झंडारोहण के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। सुबह 9.30 बजे मंदिर से वाहन रैली रवाना होकर बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट, त्रिमूर्ति स्मारक, सिंधी कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस भीलवाड़ा रोड और बस स्टैंड होते हुए पिवणिया तालाब स्थित संत कंवर राम धर्मशाला पहुंचेगी। यहां सामूहिक भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

दोपहर 12.30 बजे से पिवणिया तालाब की पाल पर खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी, जो दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगी। शाम 4.55 बजे झूलेलाल मंदिर में समाज के वरिष्ठ महिला-पुरुष सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे भजन-कीर्तन, छेज और बहराणा साहेब का धार्मिक कार्यक्रम शुरू होगा। पं. सुनील भट्ट की मंडली भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देगी।

शाम 6.30 बजे झूलेलाल मंदिर से पूज्य बहराणा साहेब और अखंड ज्योति की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह बालाजी की छतरी, सदर बाजार और कुंडगेट होते हुए संत कंवर राम धर्मशाला पहुंचेगी। रात 8 बजे आम भंडारा होगा, जबकि रात 10 बजे तक डांडिया और संगीत-नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, महासचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी सहित नवयुवक मंडल और झूलेलाल महिला मंडल के कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हैं।



विंध्यवासिनी शक्तिपीठ में नवरात्रि की तैयारियों की समीक्षा, दानपात्र से निकले 93 हजार 800 रुपए

20 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक आयोजन, पंछीडा क्लब की ओर से सजेगा गरबा महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



कस्बे के विंध्यवासिनी शक्तिपीठ संस्थान की बैठक रविवार को उपाध्यक्ष गोपाल मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

संस्थान के कोषाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में मंदिर का दानपात्र खोला गया, जिसमें से 93 हजार 800 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास कार्यों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विंध्यवासिनी शक्तिपीठ परिसर में पिछले 36 वर्षों से पंछीडा क्लब की ओर से गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के दौरान गरबा महोत्सव आयोजित होगा। बैठक में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं और आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कमेटी सदस्य बाल मुकुंद गौड़, गोपाल सोनी, ओम तेली, कैलाश तिवाड़ी, मोहन मालवीय, कपिल सोनी, जीतू, बाबू नायक, मोहन धाबाई और नाथू अहीर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में अभिषेक और अनुराग का राजस्थान टीम में चयन

बिहार को 3-2 से हराकर राजस्थान ने जीत से किया आगाज, अनुराग सुथार ने दागा गोल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी अभिषेक श्रौत्रिय और अनुराग सुथार का चयन 16वीं हॉकी इंडिया मेन नेशनल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से भीलवाड़ा जिले के खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने शनिवार को अपने पहले मुकाबले में बिहार को 3-2 से हराकर विजयी आगाज किया। रोमांचक मुकाबले में राजस्थान की ओर से कप्तान मनीष, अंकित और अनुराग सुथार ने एक-एक गोल किया। इस जीत में अनुराग का गोल भी अहम रहा।

राजस्थान हॉकी के एग्जीक्यूटिव सदस्य संपत कोठारी ने दोनों खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हॉकी की बेहतरीन प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिन्हें उचित मंच मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है।

दोनों खिलाड़ियों के चयन और राजस्थान की पहली जीत के बाद खेल प्रेमियों, ग्रामीणों और परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी ने उम्मीद जताई कि अभिषेक और अनुराग आगामी मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान की टीम को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नंदराय में निःशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर, 254 लोगों की जांच

29 मरीजों का 14 अक्टूबर को होगा निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण, रोगियों को दवाइयां और चश्मे वितरित





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन

ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को विशाल निःशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से पहुंचे 254 लोगों की आंखों और दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। चयनित रोगियों को निःशुल्क चश्मे और दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 29 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण 14 अक्टूबर को गोमाबाई नेत्रालय में किया जाएगा।

शिविर का आयोजन सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा, गोमाबाई नेत्रालय नीमच, जिला अंधता निवारण सोसायटी भीलवाड़ा तथा विश्नोई डेंटल क्लीनिक भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पूजा वर्मा तथा करण सिंह मेमोरियल के संस्थापक ललित चौधरी ने किया।

फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर में नेत्र एवं दंत रोगों से संबंधित समस्याओं की जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को उपचार संबंधी परामर्श देने के साथ निःशुल्क दवाइयां और चश्मे उपलब्ध कराए गए। जांच के दौरान लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित 29 रोगियों को निर्धारित तिथि पर गोमाबाई नेत्रालय में उपचार की सुविधा दी जाएगी।

स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर

शिविर में ग्रामीणों को आंखों और दांतों की नियमित देखभाल, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने और किसी भी समस्या की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता बताई गई।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पूजा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर आयोजित होने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलता है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विद्यालय के अध्यापक अजय कुमार ने शिविर को जनहित में उपयोगी पहल बताते हुए ऐसे आयोजनों को ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

शिविर में विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग किया तथा स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह, श्यामलाल विजयवर्गीय, रमेश चंद मीणा सहित विद्यालय के अन्य कार्मिक मौजूद रहे। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से विद्यालय परिवार, गोमाबाई नेत्रालय तथा विश्नोई डेंटल क्लीनिक की टीम का आभार व्यक्त किया गया।

आसींद में इस बार लगेगा 10 दिन दशहरा मेला, इंडिया गेट रहेगा मुख्य आकर्षण

तीन दिवसीय मेले की जगह होगा 10 दिवसीय आयोजन, 18 से 20 अक्टूबर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

दशहरा पर्व पर इस बार कस्बे में उत्सव का रंग पहले से अधिक दिनों तक नजर आएगा। नगरवासियों की मांग और उनके स्नेह को देखते हुए नगर पालिका ने परंपरागत तीन दिवसीय दशहरा मेले को बढ़ाकर 10 दिवसीय करने का निर्णय लिया है। मेले में बाजार, दुकानें, झूले और आकर्षक सजावट के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी। आयोजन को लेकर नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में उत्साह बढ़ाने के लिए पालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान ने वीडियो संदेश जारी कर परिवार सहित मेले में शामिल होने की अपील की है।

पहले सात दिन सजेगा बाजार

दशहरा मेले के शुरुआती सात दिनों तक विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले और बड़ा बाजार आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले में खरीदारी और मनोरंजन के लिए आने वाले लोगों को विविध गतिविधियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। इस बार मेले में विशेष रूप से तैयार किया गया 'इंडिया गेट' भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।

18 अक्टूबर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत

मेले के अंतिम तीन दिनों में सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। 18 अक्टूबर को गायक राज पारेख सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। वहीं, 19 अक्टूबर को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देश के जाने-माने कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को काव्य रस से सराबोर करेंगे।

20 अक्टूबर को झांकियां और संगीत कार्यक्रम

20 अक्टूबर को भव्य सांस्कृतिक एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें आकर्षक झांकियों, राजा रेंचो डांस प्रस्तुतियों और विभिन्न संगीत कलाकारों की प्रस्तुतियों के जरिए मेले को यादगार बनाने की तैयारी है।

नगर पालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान ने नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से परिवार सहित मेले में पहुंचने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। दस दिवसीय मेले के माध्यम से इस बार दशहरा उत्सव को व्यापक स्वरूप देने और अधिक से अधिक लोगों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कैंसर पीड़ित महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए शाहपुरा की मंजू ने दान किए 54 इंच लंबे बाल

दो साल तक नहीं कटवाए बाल, अब दूसरी महिलाओं को भी हेयर डोनेशन के लिए करेंगी प्रेरित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

(मूलचन्द पेसवानी)। दूसरों की पीड़ा को समझकर उनके जीवन में उम्मीद जगाने का संकल्प ही सच्ची संवेदनशीलता है। इसी भावना के साथ नगर की बेटी और नर्सिंग ऑफिसर मंजू धाबाई ने कैंसर पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए अनूठी पहल की है। उन्होंने करीब दो साल तक अपने बाल नहीं कटवाए और लगभग 54 इंच लंबे होने पर उन्हें दान कर दिया। उनकी इस पहल का उद्देश्य कैंसर के उपचार के दौरान बाल झड़ने से आत्मविश्वास प्रभावित होने वाली महिलाओं के लिए विग तैयार कराने में योगदान देना है।



पीड़ित महिलाओं की स्थिति देखकर लिया संकल्प

मंजू धाबाई बताती हैं कि करीब दो साल पहले भीलवाड़ा के चिकित्सालय में उन्होंने कैंसर से जूझ रही महिलाओं को देखा और उनसे बातचीत की। उपचार के दौरान बाल झड़ने से होने वाली मानसिक पीड़ा और सामाजिक असहजता को महसूस कर उन्होंने इन महिलाओं की मदद करने का संकल्प लिया। उनके मन में विचार आया कि बाल दान कर ऐसी महिलाओं के लिए विग तैयार कराने की पहल में सहयोग किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने अपने बाल बढ़ाने शुरू किए। इस दौरान परिवार के सदस्यों और चिकित्सालय में कार्यरत सहकर्मियों से भी इस विषय पर चर्चा करती रहीं। करीब दो साल की प्रतीक्षा के बाद जब उनके बाल लगभग 54 इंच लंबे हो गए तो उन्होंने उन्हें दान कर दिया। मंजू का कहना है कि बाल दान करना उनके लिए केवल एक शुरुआत है। वे आगे भी दूसरी महिलाओं को हेयर डोनेशन के लिए प्रेरित करेंगी, ताकि कैंसर पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए अधिक लोग आगे आएं। उनकी यह पहल संदेश देती है कि किसी की पीड़ा को समझकर उठाया गया छोटा-सा कदम भी उसके जीवन में आशा और आत्मविश्वास जगाने का माध्यम बन सकता है।

जोगणियां माता शक्तिपीठ में नवरात्रि महोत्सव शुरू, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए धार्मिक अनुष्ठान

बैंड-बाजे के साथ निकली वेद विद्यालय के बटुकों की कलश यात्रा, हवन में आहुतियां देकर की सुख-समृद्धि की कामना





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

प्रसिद्ध जोगणियां माता धाम में रविवार को शारदीय नवरात्रि महोत्सव का श्रद्धापूर्वक शुभारंभ हुआ। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच घट स्थापना, ध्वजारोहण, राजोपचार पूजन, हवन और आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। वेद विद्यालय के बटुकों एवं वेदाध्यापकों ने बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हवन में आहुतियां देकर की जनकल्याण की कामना

मंदिर परिसर स्थित पवित्र धूणी में अग्नि स्थापना के बाद विधि-विधान से हवन कराया गया। जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। समारोह में बेगूं विधायक डॉ. सुरेश धाकड़, महंत रामप्रिय दास महाराज, डीवाईएसपी अंकित कुड़ी, सीआई चंपाराम, बेगूं चेयरमैन गरिमा दिपांशु शर्मा, कथावाचक पंडित राकेश मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

20 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित महोत्सव में श्रीमद् देवीभागवत कथा एवं मूल पारायण, अखंड रामायण पाठ, रामलीला मंचन, भजन संध्या और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। देश के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

संस्थान पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने और धार्मिक आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

लोकगीतों और घूमर की प्रस्तुतियों से सराबोर हुआ रामेश्वरम सभागार

'घूमर' सांस्कृतिक संध्या में 5 हजार से अधिक दर्शक उमड़े, सेवा प्रकल्पों के लिए हुआ निधि समर्पण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थानी लोकगीतों की मधुर धुनों और पारंपरिक घूमर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने रामेश्वरम सभागार में लोक संस्कृति का रंग जमा दिया। भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद की ओर से 37वें पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक संध्या 'घूमर' में 5 हजार से अधिक दर्शक शामिल हुए। ढाई घंटे तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने राजस्थानी लोककला की छटा बिखेरी। आयोजन को परिषद के बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के प्रकल्पों के लिए निधि समर्पण से भी जोड़ा गया।

वीणा म्यूजिक जयपुर के गायक मुकेश चांवरिया (सरूपिया) और सुप्रिया ने 'केसरिया बालम', 'ओढ़नी', 'म्हारो घूमर छे नखरालो' और 'गोरबंद नखरालो' सहित 11 लोकगीत प्रस्तुत किए। वहीं, शो डायरेक्टर प्रसन्नजीत मालू और कोरियोग्राफर श्वेता पारीक के निर्देशन में वीणा नृत्य समूह ने घूमर, गोरबंद और तेरहताली सहित सात लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। बाल कलाकार तक्षी सोडानी ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में शहर विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। परिषद की सातों शाखाओं के कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक वेशभूषा में अतिथियों का स्वागत किया और व्यवस्थाएं संभालीं। सभागार को अयोध्या, काशी, मथुरा और चारभुजा खंडों में विभाजित कर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा गया।

परिषद अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहयोगियों और दानदाताओं का विशेष योगदान रहा। परिषद ने आयोजन की सफलता पर शहरवासियों, कार्यकर्ताओं और सहयोगकर्ताओं का आभार जताया। भीलवाड़ा में सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में परिषद का यह तीसरा बड़ा आयोजन रहा। इससे पहले वर्ष 2006 में वीणा म्यूजिक का कार्यक्रम और वर्ष 2023 में 'घर एक मंदिर' नाट्य प्रस्तुति आयोजित की गई थी।

भिश्ती की झुपड़िया में पीर सैय्यद अब्दुल रशीद कादरी का उर्स मनाया

चादर शरीफ और अकीदत के फूल किए पेश, अमन-चैन व खुशहाली के लिए मांगी दुआ

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन

सराणा क्षेत्र के भिश्ती की झुपड़िया में हजरत पीर सैय्यद अब्दुल रशीद कादरी हमदानी (अब्बा जी) का उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान चादर शरीफ पेश कर देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी गई। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए।



उर्स का आगाज मौलाना आशिक अली की ओर से कुरान शरीफ की तिलावत के साथ हुआ। इसके बाद सदर बाजार से गाजे-बाजे के साथ जलसा निकाला गया। बेगूं से आए कव्वाल अनवर भाई ने नबी-ए-पाक, आका हुसैन, ख्वाजा गरीब नवाज और अब्बा जी की शान में कलाम पेश किए। जगह-जगह जलसे का स्वागत किया गया और नारों से माहौल अकीदत से सराबोर रहा। इस अवसर पर मौलाना कारी महफूजुर्रहमान, मौलाना आशिक अली, मौलाना मोहम्मद शाह आलम, सदर अब्दुल गफ्फार और दरगाह एवं उर्स कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद शाबिर रंगरेज सहित अकीदतमंदों ने चादर शरीफ, फूल, अगरबत्ती और इत्र पेश किए। जायरीनों ने अपने परिवारों की तरक्की, अच्छी सेहत और खुशहाली के साथ बीमारियों से निजात तथा कर्ज से मुक्ति की दुआ भी मांगी।

उर्स में चांद मोहम्मद नीलगर, रशीद मोहम्मद, शौकत मोहम्मद, मोहम्मद निसार, मौलाना आशिक रजा, मोहम्मद जमील सहित दरगाह कमेटी के सदस्य और सैकड़ों जायरीन मौजूद रहे।

QUICK BITES

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्रा बनी संस्था प्रधान, संभाली विद्यालय की कमान

झालरी बाण के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अनूठी पहल, बालिका को मिला नेतृत्व और जिम्मेदारी निभाने का अवसर

भीलवाड़ा फोकस @ बदनौर।



बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय झालरी बाण में अनूठी पहल की गई। यहां विद्यालय की एक होनहार छात्रा को एक दिन के लिए संस्था प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। छात्रा ने संस्था प्रधान की कुर्सी पर बैठकर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और प्रतीकात्मक रूप से विद्यालय की कमान संभाली।

कार्यक्रम के दौरान छात्रा को विद्यालय संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को नेतृत्व क्षमता से परिचित कराने के साथ उनमें निर्णय लेने का आत्मविश्वास विकसित करना रहा। विद्यालय के संस्था प्रधान कुका काठात और अध्यापिका रेखा कंवर ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए उसे शुभकामनाएं दीं। संस्था प्रधान कुका काठात ने कहा कि बेटियां देश और समाज का भविष्य हैं। बालिकाओं को शिक्षा, समान अवसर और आत्मनिर्भरता मिलने से ही समाज का वास्तविक विकास संभव है।

नवरात्रा में मानस मंडल में गूंजे रामचरितमानस के स्वर

विधि-विधान से पूजन के बाद नवान्ह पारायण शुरू, तीन साल में पूरी होती है मानस की एक आवृत्ति

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचन्द पेसवानी)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर के रामचरित मानस मंडल में रविवार को तुलसीकृत रामचरितमानस के नवान्ह पारायण का शुभारंभ हुआ। पूजा-अर्चना, आरती और वंदना के साथ शुरू हुए धार्मिक अनुष्ठान में मानस भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। पाठ के दौरान मंडल परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

मानस मंडल अध्यक्ष पं. रघुनाथ प्रसाद वैष्णव की अगुवाई में रामचरितमानस का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद आरती और वंदना के साथ नवान्ह पारायण पाठ प्रारंभ हुआ। यह आयोजन पाठ की पूर्णाहुति तक जारी रहेगा।

तीन वर्षों में पूरी होती है एक आवृत्ति

मंडल अध्यक्ष पं. रघुनाथ प्रसाद वैष्णव ने बताया कि रामचरित मानस मंडल में प्रत्येक रविवार को रामचरितमानस के पांच दोहों का सस्वर पाठ किया जाता है। इसके बाद विद्वानों द्वारा संबंधित दोहों का अर्थ और टीका प्रस्तुत की जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को मानस के प्रसंगों, आदर्शों और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। इस नियमित परंपरा के माध्यम से लगभग तीन वर्षों में रामचरितमानस की एक संपूर्ण आवृत्ति पूरी होती है।

उन्होंने बताया कि मानस की एक आवृत्ति पूर्ण होने वाले वर्ष में मंडल की ओर से विशेष धार्मिक आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत इस बार शारदीय नवरात्र में नवान्ह पारायण का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में तेजपाल उपाध्याय, प्रेमशंकर सोनी, शंकरलाल तोषनीवाल, श्याम घीया सहित अनेक मानस भक्त मौजूद रहे।

बीगोद में रक्तदान शिविर में 151 यूनिट रक्त संग्रहित

मुस्लिम यूथ भीलवाड़ा की पहल, युवाओं ने उत्साह से किया रक्तदान; 16 अक्टूबर को उमराह की लॉटरी

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



अमित जैन

मानव सेवा और जरूरतमंद मरीजों की मदद के उद्देश्य से रविवार को मरकज मस्जिद परिसर में मुस्लिम यूथ भीलवाड़ा के तत्वावधान में 46वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा की चिकित्सा टीम ने 151 यूनिट रक्त संग्रहित किया। युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर सेवा और सहयोग का संदेश दिया।

शिविर में सुबह से ही रक्तदान के लिए युवाओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो शाम तक जारी रहीं। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई। आयोजन में स्थानीय पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है।

16 अक्टूबर को होगी उमराह की लॉटरी

आयोजकों के अनुसार, रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 16 अक्टूबर को मरकज मस्जिद परिसर में उमराह के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इसमें चयनित व्यक्ति को 15 दिवसीय उमराह यात्रा पर भेजा जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।